लोक सभा अध्यक्ष ने गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

नई दिल्ली, 07 नवंबर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"इस शुभ अवसर पर, मैं गुरु नानक देवजी के सम्मुख श्रद्धा से अपना सिर झुकाता हूं। गुरु नानकजी ने 'एक ओंकार' के शाश्वत संदेश के साथ दुनिया को आलोकित किया। उन्होंने जीवनभर एक ऐसे न्यायपूर्ण और समतावादी समाज के लिए अथक प्रयास किया, जहां सभी मनुष्य समान हों। उनका जीवन और शिक्षाएं भाईचारे, सद्भाव और सेवा का प्रतीक हैं और आज भी मानवता को प्रेरित करती हैं। मेरा विश्वास है कि इस वर्ष गुरु नानक जयंती जन कल्याण के लिए हमारे संकल्प और मजबूत करेगी।”